# मुफ्त की रेवड़ी नहीं, नागरिकों का हक

## सीएम का केंद्र पर बड़ा हमला, कहा-शिक्षा स्वास्थ्य जैसी सेवाएं बंद करने का बनाया जा रहा माहौल

- 300 यूनिट बिजली और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग उठाई



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा मध्यम व निम्न वर्ग के लोगों को जो सुविधाएं मिल रही हैं वे बंद की जाएं, देश में ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि इससे सरकारों को बहुत घाटा हो रहा है। बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दी जानी चाहिए, गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं होना चाहिए, यह इनकी सोच है। मध्य वर्ग को बिजली फ्री नहीं मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में मुफ्त सरकारी कल्याण सेवाओं को मजबूत करने के बजाए ऐसी सुविधाओं को सौगात करार देकर उनके खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। एक ऑनलाइन पत्रकार वार्ता के दौरान केजरीवाल ने केंद्र से हर घर को मुफ्त अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, 300 यूनिट बिजली प्रदान करने और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की।

उन्होंने कहा, कुछ लोग मुफ्त शिक्षा, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के प्रावधान को रेवड़ी या सौगात कहते हैं। देश में सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के प्रावधानों के खिलाफ देश में माहौल बनाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया, देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और हमें ऐसी सुविधाओं को मजबूत करने की योजना बनानी चाहिए, लेकिन हम उनके खिलाफ माहौल बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी चीजों का विरोध करने वालों को गद्दार कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इन लोगों ने अपने दोस्तों के 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया। ऐसे लोगों को गद्दार करार दिया जाना चाहिए और उनके खिलाफ जांच की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने लोगों को वोट के लिए मुफ्त उपहार देने की रेवड़ी संस्कृति के खिलाफ आगाह किया था और कहा था कि यह देश के विकास के लिए बहुत खतरनाक है।

## कैग रिपोर्ट पेश करने में देरी पर एलजी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल में रा बढ़ती जा रही है। नई आबकारी योजना को लेकर सीबीआई जांच, पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल के बाद अब सीएम को वर्ष 2017 से 2021 के बीच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की चार रिपोर्ट पेश किए जाने में देरी को लेकर पत्र लिखा है।

उपराज्यपाल ने केजरीवाल से सार्वजनिक धन की बर्बादी से बचने के लिए इस तरह की प्रथा से बचने की सलाह दी है। उपराज्यपाल ने सीएम को लिखे पत्र में कहा कि यह भी स्पष्ट नहीं है कि विधानसभा में सभी लेखापरीक्षा रिपोर्टों को एक साथ पेश करने से नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की गंभीर टिप्पणियों पर चर्चा करने का अवसर मिल पाएगा या नहीं। इस महीने की शुरुआत में उपराज्यपाल कार्यालय ने आरोप लगाया था कि 2017-18 की राज्य वित्त लेखापरीक्षा रिपोर्ट , 2018-19 की राजस्व आर्थिक, सामाजिक एवं सामान्य क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम रिपोर्ट, 2019-20 की सामान्य सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र (गैर-पीएसयू) रिपोर्ट और 2020-21 की जीएनसीटीडी के वित्त खाते रिपोर्ट जून के अंत तक सरकार के पास लंबित हैं।

**बढ़े कोविड केस, सोशल डिस्टेंसिंग लागू करने के निर्देश**

# सभी जिलाधिकारियों को सौंपी कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कराने की जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने जिलाधिकारियों को कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में हालिया वृद्धि का कारण लोगों का सामाजिक दूरी के नियमों के प्रति लापरवाह होना है।

अधिकारियों ने कहा कि सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन नहीं होने की स्थिति में सरकार ने 11 राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों को चालान जारी करने के लिए अभियान बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के बढ़ते मामलों पर करीब से नजर रख रहे हैं। सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को अस्पतालों में सभी सुविधाओं एवं आपूर्ति की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि हम संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए हरसंभव उपाय कर रहे हैं। साथ ही, हम नागरिकों से भी अपील करते हैं कि वे सार्वजनिक रूप से कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करें और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। विशेषज्ञों ने कहा है कि त्योहारी मौसम नजदीक आने के साथ लोगों के ढिलाई बरतने से संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने के मामलों में भी मामूली वृद्धि देखी गई है, लेकिन यह उन लोगों की वजह से है, जो पहले से किसी गंभीर रोग से ग्रस्त हैं।

# चीनी मांझे में फंसकर सड़क पर गिरा बाइक सवार, पीछे से वाहन ने रौंदा

- बदरपुर फ्लाईओवर के पास हुआ हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चाइनीज मांझे से परेशानियां कम नहीं हो रही है। कोर्ट ने इस मांझे की बिक्री, भंडारन, पर रोक लगा दिया है। लेकिन उसके बाद भी ये चोरी छिपे बिक रहा है और वाहन चालकों के लिए मौत का सामान बन रहा है।

ताजा मामले में इस चाइनीज मांझे की चपेट में आने से जोमैटो के डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल के टायर और पैर रखने वाले स्थान के चारों तरफ पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाला चीनी मांझा लिपटा हुआ था। डिलीवरी ब्वाय के गिरने की वजह यह मांझा हो सकता है।

पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना रविवार को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन के पास हुई। नरेंद्र बदरपुर फ्लाईओवर से गुजर रहे थे कि इसी दौरान सड़क पर पड़ा चीनी मांझा उनके दोपहिया वाहन के टायर और पैर रखने के स्थान (फुटरेस्ट) के चारों ओर उलझ गया। पुलिस ने कहा कि उनके मोटरसाइकिल से गिरने का कारण यह मांझा हो सकता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब 11 बजकर 50 मिनट पर दुर्घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची तो नरेंद्र का शव सड़क पर मिला जिसका सिर कुचला हुआ था। उनके शरीर के किसी हिस्से में मांझा नहीं फंसा था। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना) और 304 ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया है।

मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। वह दुर्घटना में शामिल वाहन का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि मांझा कहां से आया। नरेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे है।

## इस साल डेंगू के 170 से अधिक मामले

**नई दिल्ली ।** इस साल अबतक डेंगू के 170 से अधिक मामले सामने आए हैं। जनवरी में डेंगू के 23, फरवरी में 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20, मई में 30 तथा जून में 32 मामले सामने आए। निगम की रिपोर्ट कहती है कि राष्ट्रीय राजधानी में छह अगस्त तक 174 लोग डेंगू की चपेट में आए।

नगर निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 30 जुलाई तक यहां डेंगू के 169 मामले सामने आए थे तथा एक हफ्ते में पांच और नए मामलों का पता चला। इस साल इस बीमारी से अब तक किसी की जान नहीं गई है। पिछले साल पहली जनवरी से 30 जुलाई तक डेंगू के 55 मामले सामने आए थे। इस साल अब तक मलेरिया के 35 और चिकनगुनिया के नौ मामले सामने आए हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर तैनात रहेंगे 10 हजार पुलिस कर्मी

- ऐतिहासिक लाल किले के आसपास व्यवस्था होगी चाक चौबंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को ऐतिहासिक लाल किले के आसपास 10,000 से ज्यादा पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस पर मुगलकालीन स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

हर साल की तरह शहर की पुलिस ने कहा कि उसने स्वतंत्रता दिवस के लिए सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की है, जो फुलप्रूफ होगी।

विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, लाल किले और आयोजन स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर 10,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को विभिन्न भूमिकाओं में तैनात किया जाएगा। हमने दिन के लिए फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था की है।

इस वर्ष उप-पारंपरिक हवाई वस्तुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और खुफिया एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ ही अंतरराज्यीय स्तर पर भी समन्वय किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम आईईडी की मौजूदगी का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर जांच कर रहे हैं। कर्मचारियों को योजना के अनुसार पर्याप्त सुरक्षा, प्रशिक्षण और तैनाती के बारे में जानकारी दी जा रही है। पुलिस ने 22 जुलाई को एक आदेश जारी कर स्वतंत्रता दिवस से पहले पैराग्लाइडर, हैंडग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारे जैसी हवाई वस्तुओं को उड़ाने पर रोक लगा दी थी। लाल किले की सुरक्षा 16 तक रहेगी।



### सुरक्षा के लिए 1,000 कैमरों से रखी जाएगी नजर

पाठक ने कहा कि हवाई वस्तुओं पर लगाम लगाने के लिए उन्नत किस्म के करीब 1,000 कैमरों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये शहर की पुलिस की उत्तर, मध्य और नई दिल्ली जिला इकाइयों की ओर से लगाए जाएंगे। ये कैमरे लाल किले तक जाने वाले वीवीआईपी मार्ग पर भी नजर रखने में मदद करेंगे।

### पतंग और गुब्बारे रोकने को विशेष तैयारी

पाठक ने कहा कि गुब्बारे और पतंग उड़ाने से रोकने के लिए लाल किले और इसके आसपास के इलाकों में 400 से ज्यादा पतंगबाज़ों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि हम निवास कल्याण संघों और बाजार कल्याण संघों के माध्यम से भी जागरूकता फैला रहे हैं। हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि 15 अगस्त को स्मारक के आसपास पतंग, गुब्बारे या किसी भी तरह की उड़ने वाली वस्तु न दिखे, इसके लिए जारी परामर्श का पालन करें।

# आईएसआईएस संदिग्ध को एनआईए हिरासत में भेजा

- आरोपी को दूसरे राज्यों में ले जाकर पूछताछ कर उससे जुड़े दूसरे लोगों का पता लगाने की जरूरत



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पटियाला हाउस कोर्ट ने आईएसआईएस संदिग्ध मोहसिन अहमद को 16 अगस्त तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। सोमवार को मोहसिन की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने कोर्ट से कहा कि मोहसिन के तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं। उसे दूसरे राज्यों में ले जाकर पूछताछ करने की जरूरत है ताकि उससे जुड़े दूसरे लोगों का पता लगाया जा सके।

मोहसिन विदेश में किसे पैसे भेजता था और उसका हैंडलर कौन था इसका पता लगाया जाना है। इसके लिए एनआईए ने मोहसिन की हिरासत की मांग की।

जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने जांच एजेंसी द्वारा दाखिल एक अर्जी पर आरोपी मोहसिन अहमद की पेशी के बाद उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। अहमद मूल रूप से पटना, बिहार का निवासी है। आईएसआईएस की ऑनलाइन और जमीनी गतिविधियों के मामले में अहमद को एनआईए ने शनिवार को उसके बटला हाउस स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। एनआईए ने 25 जून को स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था। एनआईए ने कहा, अहमद आईएसआईएस का कट्टर और सक्रिय सदस्य है।

उसे भारत और विदेशों में सहानुभूति रखने वालों से आईएसआईएस के लिए धन इकट्ठा करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी ने कहा कि अहमद इस धन को आईएसआईएस की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्टोकरेंसी के रूप में भेजता था। एनआईए ने 31 जुलाई को छह राज्यों-मध्य प्रदेश में भोपाल और रायसेन, गुजरात के भरूच, सूरत, नवसारी और अहमदाबाद, बिहार के अररिया, कर्नाटक के भटकल, तुमकुर शहर, महाराष्ट्र में कोल्हापुर और नांदेड़ तथा उत्तर प्रदेश के देवबंद में संदिग्ध व्यक्तियों के 13 परिसरों पर छापेमारी की थी।

# आंगनवाड़ी कर्मियों ने उपराज्यपाल कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली स्टेट आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन के सदस्यों ने अपने बर्खास्त साथियों की बहाली की मांग करते हुए सोमवार को यहां उपराज्यपाल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। राजनिवास मार्ग पर बर्खास्त कर्मियों समेत करीब 100-150 कर्मी इकट्ठा हुए और उन्होंने उपराज्यपाल एवं दिल्ली सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की। यूनियन के सदस्यों ने यह जानकारी दी।

यूनियन सदस्य प्रियंवदा ने कहा, उपराज्यपाल ने करीब एक महीने पहले कहा था कि वह हमारी समस्याओं पर गौर करेंगे, लेकिन हमें अबतक उनसे कोई जवाब नहीं मिला है। जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जातीं, तबतक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। एक प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल से मिला था और उसने उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर अपने बर्खास्त साथियों की बहाली की मांग की थी। यूनियन का दावा है कि मानदेय बढ़ाने एवं सम्मानजनक कार्यघंटे के वास्ते 39 दिनों तक चली हड़ताल में हिस्सा लेने को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा 884 आंगनवाड़ी श्रमिकों को बर्खास्तगी नोटिस तथा 11942 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस, डीटीसी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को नोटिस जारी करके दावा किया कि एक महिला बस मार्शल ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया।

पुलिस ने हालांकि कहा कि महिला ने पहले उसे सूचित किया था कि वह आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्वाई नहीं चाहती क्योंकि उसने माफी मांग ली है। पुलिस ने कहा कि संबंधित पुलिस थाने को भी उसके आत्महत्या के प्रयास के संबंध में कोई कॉल नहीं आई थी। युवती 20 मई को सुभाष प्लेस डिपो में डीटीसी में बस मार्शल के रूप में तैनात की गई थी।

## राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री में 50 गुना उछाल

**नई दिल्ली।** हर घर तिरंगा अभियान के लिए उत्सव का दिन नजदीक आने के साथ ही दिल्ली में तिरंगे की बिक्री कई गुना बढ़ गई है। हालात यह है कि राष्ट्रीय ध्वज की भारी मांग के अनुरूप आपूर्ति कर पाना कठिन हो गया है।

व्यापारियों ने दावा किया है कि 22 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा अभियान की घोषणा किए जाने के बाद से सभी प्रकार के तिरंगे की बिक्री 50 गुना बढ़ गई है। हालांकि, मध्यम आकार के राष्ट्रीय ध्वज की मांग हमेशा बनी रहती है। दिल्ली के सदर बाजार के थोक व्यापारी गुलशन खुराना 50 साल से अधिक समय से राष्ट्रीय ध्वज की आपूर्ति करने के व्यवसाय में हैं, लेकिन पहले उन्होंने तिरंगे की इतनी भारी मांग कभी नहीं देखी।

# एथलीट दादी बनीं हर घर तिरंगा की ब्रांड एंबेसडर

## वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में देश का नाम रोशन किया था 94 वर्षीय दादी ने

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कई महिला धावक और खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की नाम रोशन कर रही हैं। कम उम्र में ही सानिया मिर्जा से लेकर पीवी सिंधु और मीराबाई चानू ने ओलंपिक से लेकर राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया और कई सारे पदक जीत कर भारत का परचम दुनियाभर में लहराया। लेकिन हाल ही में भारत ने एक ऐसी महिला एथलीट की जीत का जश्न मनाया, जिसने उम्र की सीमा पार करके देश का नाम रोशन किया है।

शूटर दादी के बाद अब एथलीट दादी सुर्खियों में हैं। 94 साल की धावक भगवानी देवी डागर ने फिनलैंड में हुए वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर खूब सुर्खियां बटोरी रही है। इस बीच दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने हर घर तिरंगा और आजादी का अमृत महोत्सव का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।



दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने ककरौला स्थित डॉ. साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम में शिक्षकों के लिए वार्षिक शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शारीरिक प्रशिक्षण शिविर की थीम हर घर तिरंगा एवं स्वस्थ भारत के तालमेल पर आधारित थी। इस अवसर पर वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में 94 वर्ष की चिरायु उम्र में देश का नाम रोशन करने वाली दादी भगवानी देवी को सम्मानित किया गया एवं उन्हें निगम द्वारा हर घर तिरंगा तथा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।

शिक्षा निदेशक विकास त्रिपाठी कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों एवं अधिकारियों को हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प दिलाया। निगम द्वारा 22 जुलाई से 08 अगस्त तक आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण शिविर में 950 शिक्षकों ने भाग लिया।

इस शिविर में शिक्षकों को मेजर एवं मिनी खेलों, मास पीटी, सामूहिक गान, डंबल, लेजियम, एवं सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई। इन गतिविधियों के आयोजन से छात्रों का शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है।



